कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : **04.06.2022**

विकास की ओर अग्रसर
गर्ल्स कॉलेज

दुर्ग जिले में कन्या शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने निरंतर विकास कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।

चित्रकला, संगीत और नृत्य की शिक्षा के लिए एकमात्र यह महाविद्यालय कौशल विकास के क्षेत्र में अपने विभिन्न रोजगारोपयोगी पाठ्यक्रमों के जरिए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रहा है।

कला, वाणिज्य, विज्ञान और गृहविज्ञान के विषयो में न केवल अनुभवी शिक्षकों की उपलब्धता है बल्कि इन क्षेत्रों में शोध एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के क्षेत्र में भी यह महाविद्यालय अपने उच्चतम् परीक्षा परिणाम द्वारा अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि भारत सरकार बॉयोटेक्नालॉजी विभाग की 'स्टार कॉलेज' योजना में प्रदेश से एकमात्र इसी महाविद्यालय का चयन किया गया है। स्टॉर कॉलेज योजना में विज्ञान के स्नातक विद्यार्थियों को शोधपरक शिक्षण व्यवस्था की जा रही है।

आधुनिकतम उपकरणों के साथ ही विभिन्न उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को प्रायोगिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को भी महाविद्यालय की प्रयोगशाला में कार्य करने का अवसर मिलेगा जिससे उच्च शिक्षा के प्रारंभिक अवस्था में ही विद्यार्थियों को शोध के प्रति जागरूक एवं तैयार किया जा सके।

महाविद्यालय को बेंगलुरू की नैक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन संस्था ने बी डबल प्लस ग्रेड प्रदान किया है।

महाविद्यालय की गृहविज्ञान विभाग में एम.एससी. आहार एवं पोषण तथा एम.ए. गृहविज्ञान की पढ़ाई छात्राओं के लिए लाभप्रद एवं रोजगारपरक है। महाविद्यालय में संचालित वैल्यूएडेड सर्टीफिकेट कोर्स भी कौशल विकास में बहुत योगदान दे रहे है।

खेलकूद के क्षेत्र में महाविद्यालय की छात्राएँ अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा चुकी है। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस इकाई को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

महाविद्यालय में बी.एससी. एवं बी.कॉम. में कम्प्यूटर प्रशिक्षण की नई व्यवस्था को काफी अच्छी सफलता मिली है।

विभिन्न कला, पोषण, साहित्यिक कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं कैपस सलेक्शन के द्वारा राजगार के अवसर मुहैय्या कराए जा रहे है।

महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में कुल 1160 सीटों पर प्रवेश के लिए कई गुणा ज्यादा आवेदन मिलते है। ऑनलाईन आवेदन एवं गुणानुक्रम से प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश के लिए यह महाविद्यालय छात्राओं की पहली पसंद रहता है। स्मार्ट क्लास, कैंटिन, जीम, समृद्ध ग्रंथालय एवं प्रयोगशालाओं की सुविधा सहित कन्या शिक्षण के क्षेत्र में यह महाविद्यालय निरंतर विकास की ओर अग्रसर है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)